8-1/के.सं.वि./समर्थ प्रवेश/2025/1068

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली**

जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

**शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष 2025-26 में रिक्त स्थानों पर सद्य प्रवेश (On the Spot) प्रक्रिया के संबंध में अधिसूचना**

दिनांक- 10.09.2025

सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2025-26 के लिए शिक्षाशास्त्री प्रथमवर्ष की पाँच राउंड की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात भी कतिपय परिसरों में श्रेणीवार रिक्त स्थान शेष हैं। उन पर सद्य प्रवेश (On the spot admission) प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। इस सम्बन्ध में प्रमुख निर्देश इस प्रकार हैं-

1. इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन 15.09.2025 प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक संबंधित परिसर में ही स्वीकार किए जाएंगे।
2. प्राप्त आवेदनों के आधार पर उसी दिन मध्याह्न में मेरिट के अनुसार प्रवेश हेतु आमंत्रण दिया जाएगा।
3. सद्य प्रवेश प्रक्रिया 15.09.2025 अपराह्न 2:00 बजे से 16.09.2025 सायं 6:00 बजे तक संपन्न होगी।
4. **पात्रता** –
    - जिन अभ्यर्थियों का चयन प्रथम से पंचम राउंड की प्रवेश प्रक्रिया में हुआ था परंतु प्रवेश नहीं ले पाए, वे इस प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं।
    - नए इच्छुक अभ्यर्थी भी अपनी पात्रता एवं योग्यता के आधार पर सम्मिलित किए जा सकते हैं।
5. रिक्त स्थानों की श्रेणीवार सूची संबंधित परिसरों की वेबसाइट एवं सूचना-पट्ट पर दिनांक 11-09-2025 तक उपलब्ध कराई जाएगी।

इच्छुक छात्र निर्धारित समयावधि में संबंधित परिसर से संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकेंगे।

**(प्रो. मदन मोहन झा)**

अधिष्ठाता (शैक्षिकवृत्त)

**प्रतिलिपि-**

1- कुलपति कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

2- कुलसचिव कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

3- परीक्षा नियन्त्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

4- निदेशक, समस्त सम्बन्धित परिसर

5- परियोजना अधिकारी (वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ)

6- अधिष्ठाता, शिक्षाशास्त्र

7- विद्याशाखाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र

7- सम्बद्ध संचिका।

8-1/के.सं.वि./समर्थ प्रवेश/2025/1006

**केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली**

जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

## शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष 2025-26 प्रवेश हेतु चतुर्थ चरण की अधिसूचना

दिनांक-22.08.2025

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में शिक्षाशास्त्री कक्षा हेतु आवेदकों में से वरीयता क्रम एवं आरक्षण नियमों के अनुसार प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया के चतुर्थ चरण के लिए बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों की सूची संलग्न है। चतुर्थ चरण के प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया के लिए दी जाने वाली यह सूचना प्रवेश का अधिकार प्रदान नहीं करती है। इस चरण के प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया की सफल समाप्ति के बाद चयनित प्रवेशार्थी को निर्धारित शुल्क समर्थ पोर्टल पर online माध्यम से ही जमा कराना होगा। चतुर्थ चरण के प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया हेतु निर्धारित तिथि में भौतिक रूप से उपस्थित नहीं होने, समयानुसार निर्धारित शुल्क जमा न कराने अथवा आवश्यक दस्तावेज इत्यादि प्रस्तुत नहीं करने पर प्रवेश दिया जाना सम्भव नहीं होगा और प्रवेश की पात्रता स्वतः निरस्त मानी जाएगी।

**आवश्यक प्रमाणपत्रों की सूची (प्रमाण पत्र सत्यापन/ प्रवेश प्रक्रिया में लाना अनिवार्य):**

1. शिक्षाशास्त्री के ऑनलाइन आवेदन पत्र (Samarth Portal से डाउनलोड करके परिसरीय प्रवेश समिति को देना होगा)
2. Part B form – विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर परिसर में प्रस्तुत करें
3. जन्मतिथि का प्रमाण – मैट्रिक/सेकेंडरी/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका एवं प्रमाणपत्र (उक्त पाठ्यक्रम में आयु का कोई बन्धन नहीं है)
4. प्राक्शास्त्री/उत्तरमध्यमा/उच्च माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका
5. शास्त्री/बी.ए. (संस्कृत)/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका
6. यदि शास्त्री/बी.ए. का परिणाम प्रतीक्षित है तो शपथ पत्र (परिशिष्ट-3)
7. आचार्य/एम.ए. (संस्कृत)/समकक्ष की अंकतालिका (यदि हो)
8. आरक्षण हेतु प्रमाणपत्र – SC/ST/OBC/EWS (केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)
9. दिव्यांग प्रमाणपत्र – चिकित्सक द्वारा जारी (कम से कम 40% दिव्यांगता का स्पष्ट उल्लेख हो)
10. क्रीड़ा या युद्ध आहत से संबंधित अभ्यर्थियों हेतु संबंधित प्रमाणपत्र
11. Migration Certificate
12. Medical Fitness Certificate
13. Transfer Certificate एवं Character Certificate
14. APAAR/Academic Bank Credit (ABC) का पंजीकरण प्रपत्र – https://apaar.education.gov.in/get-your-apaar
15. एकल बालिका प्रमाणपत्र – शपथपत्र सहित (यदि लागू हो)
16. EWS प्रमाण पत्र – वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 का होना आवश्यक
17. OBC (Non-Creamy Layer) हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 का आय प्रमाणपत्र
18. NER (North Eastern Region) सम्बन्धित प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
19. Anti-Ragging पोर्टल पर पंजीकरण – https://www.antiragging.in/affidavit_registration_disclaimer.html

**प्रवेश हेतु महत्वपूर्ण सूचनाएँ-**

- संबंधित परिसर की स्थानीय प्रवेश समिति द्वारा पात्रता सिद्ध होने पर ही प्रवेश मान्य होगा।
- चतुर्थ चरण की दस्तावेज सत्यापन/प्रवेश प्रक्रिया 25-08-2025 से 27-08-2025 शाम 05:30 बजे तक ही आयोजित होगी।
- ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी यदि जांच में गलत पाई जाती है तो प्रवेश निरस्त किया जाएगा।
- एक बार आवंटित परिसर में ही प्रवेश मान्य होगा, प्रवेश के पश्चात स्थानांतरण की अनुमति नहीं होगी।
- प्रवेश समाप्ति उपरांत रिक्त स्थानों पर प्रतीक्षा सूची/On the spot के आधार पर प्रवेश दिया जा सकता है – सूचना केवल वेबसाइट (www.sanskrit.nic.in) पर उपलब्ध होगी।
- विश्वविद्यालय वेबसाइट के अतिरिक्त कोई सूचना डाक या अन्य माध्यम से नहीं भेजी जाएगी।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
56–57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058

Central Sanskrit University
Established by an Act of Parliament
(Formerly Rashtriya Sanskrit Sansthan, Deemed to be University
Under Ministry of Education, Govt. of India)
56-57, Institutional Area, Janakpuri, New Delhi-110058

**क्र.सं.-8-1/के०सं०वि०/समर्थ प्रवेश/2025/1066 विषयक शुद्धि पत्र**

क्र.सं.-8-1/के०सं०वि०/समर्थ प्रवेश/2025/ दिनांक – 11.09.2025

सेवा में,

निदेशक,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
सभी संबंधित परिसर।

विषय :- सत्र 2025-26 हेतु शिक्षाशास्त्री प्रथमवर्ष की पाँच राउंड की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात श्रेणीवार रिक्त स्थानों पर परिसर स्तर पर सद्य प्रवेश (On the Spot admission) प्रक्रिया संपन्न कराए जाने के संबंध में।

महोदया/महोदय,

पूर्व अधिसूचना पत्रांक 8-1/CSU/Acd/SA/2025/1056 दिनांक 09.09.2024 के क्रम में सूचित है कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2025-26 के लिए शिक्षाशास्त्री प्रथमवर्ष की पाँच राउंड की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न किए जाने के पश्चात भी कतिपय परिसरों में श्रेणीवार रिक्त स्थान शेष हैं। इन रिक्त स्थानों पर नियमानुसार सद्य प्रवेश (On the Spot) प्रक्रिया परिसर स्तर पर संपन्न कराई जानी है। इस संबंध में निर्देश इस प्रकार हैं –

1. सभी सम्बन्धित परिसर निदेशक यह सुनिश्चित करें कि श्रेणीवार रिक्त स्थानों की सूचना एवं प्रवेश संबंधी विवरण दिनांक 11.09.2025 को शाम 05:00 बजे तक तक अनिवार्यतया अपने परिसर की वेबसाइट पर अपडेट हो जाएं।
2. परिसरीय प्रवेश समिति दिनांक 15.09.2025 प्रातः 10:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक सद्य प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करेगी तथा उसी दिन अपराह्न 02:00 बजे से उनकी मेरिट के आधार पर प्रवेश हेतु आमंत्रण देगी। इस प्रक्रिया में प्रथम से पंचम राउंड की प्रवेश प्रक्रिया में वंचित रहे पात्र छात्रों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।
3. सद्य प्रवेश प्रक्रिया परिसर स्तर पर दि. 15.09.2025 को प्रातः10:00 से 16.09.2025 सायं 6:00 बजे तक संपन्न होगी।
4. जिन छात्रों का चयन प्रथम से पंचम राउंड की प्रवेश प्रक्रिया में हुआ था तथा किसी कारण से प्रवेश से वंचित रह गए हों ऐसे छात्र भी इस प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं। नए इच्छुक छात्र भी नियमानुसार पात्रता एवं योग्यता के आधार पर सम्मिलित किए जा सकेंगे।
5. इच्छुक अभ्यर्थियों को दि. 15.09.2025 प्रातः 10:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक परिसर में अनिवार्यतया उपस्थित होना होगा।
6. यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रवेश प्रक्रिया नियमों के अनुरूप, पारदर्शी एवं निर्विवाद रूप से संपन्न हो। किसी भी प्रकार की शंका या आपत्ति की स्थिति से न बने इसलिए पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए।

प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरांत, श्रेणीवार भरे गए एवं रिक्त शेष स्थानों की रिपोर्ट विश्वविद्यालय को प्रेषित की जाए। आपसे निवेदन है कि कि उपर्युक्त कार्यवाही समयबद्ध एवं नियमानुसार सुनिश्चित करें।

सादर,

भवदीय

(प्रो. मदन मोहन झा)
अधिष्ठाता, शैक्षिक वृत्त

**प्रतिलिपि-**

1- कुलपति कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
2- कुलसचिव कार्यालय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
3- परीक्षा नियन्त्रक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
4- निदेशक, समस्त सम्बधित परिसर
5- अधिष्ठाता, शिक्षाशास्त्र
6- विद्याशाखाध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र



Scanned with OKEN Scanner

# केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
## श्रीरणवीर परिसर, कोट-भलवाल, जम्मू-181122
## शिक्षाशास्त्र-विद्याशाखा
## सत्र-2025-26

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मुख्यालय द्वारा श्रीरणवीर परिसर, कोट-भलवाल, जम्मू के शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष में प्रथम चरण से 4 चरण तक कैटेगरी अनुसार प्रविष्ट विद्यार्थियों का विवरण

### TRADITIONAL

| TOTAL | GEN | | OBC | | SC | | ST | | EWS | | JK. NER | | PWD | | SPORT S | | TSGC | | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | 82 |
| | 20 | 16 | 08 | 12 | 00 | 12 | 02 | 04 | 01 | 03 | 02 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | |
| | 36 | | 20 | | 12 | | 06 | | 04 | | 02 | | 00 | | 01 | | 01 | | |

### MODERN

| TOTA L | GEN | | OBC | | SC | | ST | | EWS | | JK. NER | | PWD | | SPORT S | | TSGC | | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F | 17 |
| | 00 | 09 | 01 | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | |
| | 09 | | 03 | | 02 | | 02 | | 00 | | 01 | | 00 | | 00 | | 00 | | |

### AVILABALE SEAT

| S.N. | CATEGORIES | TOTAL SEAT | ALLOTED | REMAIN |
|---|---|---|---|---|
| 1. | GEN | 50 | 50 | 00 |
| 2. | OBC | 27 | 23 | 04 |
| 3. | EWS | 10 | 04 | 06 |
| 4. | SC | 15 | 14 | 01 |
| 5. | ST | 08 | 08 | 00 |
| | TOTAL | 110 | 99 | 11 |

10/09/2025

10/09/25

10/09/25

10/09/25

(डॉ. ऋषिराज)
अध्यक्ष / Head
(अध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र-विद्याशाखा)
शिक्षाशास्त्र–विद्याशाखा
Department of Shikshashastra
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय / Central Sanskrit University
श्रीरणबीर परिसर, कोट–भलवाल, जम्मू–181122 (जम्मू व कश्मीर)
Shri Ranbir Campus, Kot-Bhalwal, Jammu-181122 (J&K)

10/09/2025

10/09/025

10/09/25

10/09/25

11/09/2025.
(प्रो. सतीश कुमार कपूर)
DIRECTOR
निदेशक
Central Sanskrit University
(Under Ministry of Education, Govt. of India)
Shri Ranbir Campus, Kot-Bhalwal,
Jammu-181122 (J&K)